29.04.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार,

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को बना रही है आधुनिक।**
- **प्रदेश में 1 मई से 30 दिन तक कर्मचारियों के तबादले हो सकेंगे।**
- **सांस्कृतिक और धार्मिक पुस्तकों की डिलीवरी को किफायती बनाने के लिए शुरू हुई नई सेवा 'ज्ञान पोस्ट'**
- **प्रदेश में अगले 4 दिन तक बारिश होने की संभावना, ओलावृष्टि और आंधी चलने की भी आशंका ।**

**प्रधानमंत्री-युग्म**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सरकार, शिक्षा समुदाय, उद्योग और नवोन्मेषक समुदाय के नेताओं के पहले रणनीतिक सम्मेलन युग्म को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश के विश्वविद्यालय परिसर गतिशील केन्द्रों के रूप में उभर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के बजट में सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों -आईआईटी की क्षमता और सीटों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है।**

**मंत्रिपरिषद फैसले**

**प्रदेश में 1 मई से 30 दिन तक कर्मचारियों के तबादले हो सकेंगे। आज राज्य मंत्रिपरिषद ने तबादला नीति को मंजूरी दे दी। इसमें स्वैच्छिक तबादले भी शामिल है। विभाग खुद भी तबादला नीति बना सकेंगे लेकिन इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग से अनुमति लेना होगा। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि 30 मई तक ई-ऑफिस में सारे तबादले दर्ज होंगे।**

**श्री विजयवर्गीय ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि तीन हजार मेगावाट का सोलर प्लांट लगाया जाएगा। यह प्लांट चंबल में लगाया जाएगा। इसके अलावा, सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की किस्त देने के मुख्यमंत्री की घोषणा को भी मंजूरी दी गयी । वहीँ, केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन योजना पर वैकल्पिक पेंशन स्कीम का प्रस्ताव तैयार करने के लिए छह अधिकारियों की कमेटी बनायीं गयी है।**

**वन विभाग एआई**

**मध्यप्रदेश एआई आधारित रियल-टाइम वन अलर्ट प्रणाली को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। यह प्रणाली उपग्रह चित्रों, मोबाइल फीडबैक और मशीन लर्निंग की मदद से कार्य करती है, जो भूमि अतिक्रमण, भूमि उपयोग परिवर्तन और वन क्षति का पता लगाकर वन विभाग को समय पर कार्रवाई के लिये सक्षम बनाती है। इस नवाचार की परिकल्पना वन मण्डलाधिकारी गुना अक्षय राठौर द्वारा की गयी है ।**

**वन विभाग द्वारा पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में इस प्रणाली को 5 वन मण्डलों शिवपुरी, गुना, विदिशा, बुरहानपुर और खण्डवा में लागू किया गया है । इस प्रणाली को राज्य स्तर पर भी लागू किया जायेगा।**

## चार धाम यात्रा

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा कल अक्षय तृतीया से शुरू होगी। यात्रा की शुरुआत उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खुलने के साथ होगी। रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ मंदिर के कपाट दो मई और चमोली जिले में बद्रीनाथ धाम के कपाट चार मई को खुलेंगे। आकाशवाणी इस चारधाम यात्रा के उद्घाटन का सीधा प्रसारण करेगा। गंगोत्री धाम के कपाट खुलने का सीधा प्रसारण कल सुबह 10 से 11 बजे तक और यमुनोत्री धाम के खुलने का सीधा प्रसारण साढे ग्यारह से साढे बारह बजे तक होगा।

## ज्ञान पोस्ट सेवा

केंद्र सरकार ने देश भर के पोस्ट ऑफिस के जरिए शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पुस्तकों की डिलीवरी को किफायती बनाने के लिए एक नई सेवा ‘ज्ञान पोस्ट’ की घोषणा की है। ‘ज्ञान पोस्ट’ सेवा 1 मई से पूरे भारत के सभी डाकघरों में चालू हो जाएगी।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि टेक्स्ट बुक से लेकर सांस्कृतिक पुस्तक सबसे दूरदराज के गांव या कस्बे तक भी पहुंच सके इसके लिए ज्ञान पोस्ट को तैयार किया गया है।

## गिद्ध गणना

नर्मदापुरम के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में आज ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना की गई। एक दिवसीय इस गणना में 500 से अधिक वन कर्मी और अधिकारी रिजर्व के 186 बीटों में तैनात किए गए।

फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने बताया कि सुबह 6 बजे से शुरू हुई गणना में टीमें ऊंची चट्टानों और पहाड़ों पर बैठे गिद्धों को दूरबीन से देखकर उनकी प्रजाति की

पहचान की है। साथ ही उनके घोंसलों और बच्चों की भी जानकारी जुटाई गई। गणना में केवल बैठे हुए गिद्धों की गिनती की गई है। गौरतलब है गिद्धों की स्थिति का आकलन करने के लिए वर्ष में दो बार शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन गणना की जाती है।

## मुख्यमंत्री विश्व नृत्य दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व नृत्य दिवस पर देश-प्रदेश के सभी कलाकारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नृत्य अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है, जिसमें आत्मा, शरीर के साथ लयबद्ध होकर आनंद का अनुभव करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने वाली नृत्य कला के संरक्षण और संवर्धन के लिए मध्यप्रदेश सरकार पूरी तरह से दृढ़ संकल्पित है।

## हज यात्रा

हज यात्रा की शुरुआत प्रदेश में आज से हो रही है । अब से कुछ देर बाद राजधानी भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से पहली फ्लाइट 165 हज यात्रियों को लेकर सऊदी अरब के लिए रवाना होगी। इससे पहले, भोपाल स्थित हज कमेटी के दफ्तर में नियमानुसार औपचारिकताएं पूरी की गईं। हज कमेटी के अनुसार, भोपाल से दूसरी फ्लाइट कल रवाना होगी। जिसमें 109 यात्री सऊदी अरब के लिए उड़ान भरेंगे। इस साल मध्य प्रदेश से करीब 8,000 श्रद्धालु हज यात्रा पर रवाना हो रहे हैं।

## मौसम

प्रदेश में अगले 4 दिन तक बारिश होने की सम्भावना है। बारिश का असर नर्मदापुरम, रीवा, सागर, जबलपुर और शहडोल संभाग में सबसे ज्यादा रहेगा । मौसम विभाग ने सिवनी, दमोह, सिंगरौली, अनूपपुर और पन्ना ओलावृष्टि होने और 60 किमी प्रतिघंटे तक की रफ्तार से आंधी चलने की आशंका भी जाहिर की है। वहीं, रीवा, कटनी, शहडोल, नरसिंहपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, सतना, सीधी और मंडला में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा है। हालाँकि भोपाल और इंदौर संभाग के शहरों में पारा 42 डिग्री के आसपास ही रहेगा।

## समाचार संक्षेप में .....

- लघु उद्योग भारती मध्यप्रदेश इकाई द्वारा अपने 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर ग्लोबल स्किल पार्क, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम LEAP-Learning, Empowerment, Assistance, Progress ई-पोर्टल का शुभारंभ किया गया ।
- डिंडौरी जिले में रबी विपणन वर्ष के अंतर्गत 4 हजार 737 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। जिले में किसानों की सुविधा हेतु 12 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं.
- छतरपुर जिले को अगली बरसात आने तक अथवा अन्य आदेश तक कलेक्टर ने जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है।
- देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए ग्राम हिरली में एसडीआरएफ एवं होमगार्ड के अधिकारी-कर्मचारियों, सरपंच, सचिव और ग्रामीणों ने लगातार तीसरे दिन सफाई कार्य कर श्रम दान किया।
- सीहोर जिले में कल 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में बाल विवाहों को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर ने वन स्टॉप सेंटर में कंट्रोल रूम स्थापित किया है।

- **खण्डवा में शासकीय आईटीआई, सिंहाडा रोड़ में 1 मई को जिला स्तरीय युवा संगम आयोजित किया जा रहा है।**
- **नीमच में कलेक्टर ने आज जनसुनवाई करते हुए 117 आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।**
- **शिवपुरी जिले के नरवर तहसील के ठाठी गांव में बीती रात को जंगली जानवर के हमले में 30 भेड़ों की मौत हो गई, जबकि 8 भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं।**

------------------------------